हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

**Ref.No:COE/2025/312** **Dated: 16-12-2025**

## परिपत्र (Circular)

सेवा में,

प्राचार्य/निदेशक/परिसर निदेशक/विभागाध्यक्ष
समस्त महाविद्यालय/संस्थान।

विषय **सेमेस्टर परीक्षाओं के आन्तरिक/सत्रीय अंक हेतु समर्थ पोर्टल/विश्वविद्यालय पोर्टल पुनः खोलने के सन्दर्भ में।**

महोदय,

कृपया, इस कार्यालय के पत्रांक संख्या–**COE/2025/306 Dated-09-12-2025** का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर, सत्र 2025–2026 की आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिकी व प्रोजेक्ट परीक्षाओं के अंक दिनांक–30–12–2025 तक समर्थ पोर्टल/विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किये जाने के सन्दर्भ में परिपत्र जारी किया गया था। विभिन्न छात्र–छात्राओ, अध्यापकों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों के अनुरोध पर छात्रहितों को ध्यान में रखते हुए तिथि विस्तारण का निर्णय लिया गया है। उक्त के परिपेक्ष्य में समस्त सम्बन्धितों को सूचित करना है कि सत्र 2025–2026 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर व सप्तम् सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं की आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिकी व प्रोजेक्ट परीक्षाओं के अंक समर्थ पोर्टल/विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करने की तिथि **दिनांक–25–01–2026** तक विस्तारित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में तिथि विस्तारित नहीं की जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/परिसर निदेशक/प्राचार्य/निदेशक (समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान) को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देने का कष्ट करें।
3. उपकुलसचिव (परीक्षा) के सूचनार्थ प्रेषित।
4. परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक